आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–18 फरवरी 2026 सान्ध्य समाचार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज नई दिल्ली में आयोजित इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट के दौरान विश्व के नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें की। इस दौरान व्यापार और अर्थव्यवस्था सहित डिजिटल क्षेत्र, नवाचार, स्वास्थ्य, जलवायु परिवर्तन और शिक्षा आदि पर चर्चा की गयी। इस बीच, समिट के लिए वैश्विक नेता लगातार नई दिल्ली पहुंच रहे हैं। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

विदेश मंत्रालय ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि स्पेन के राष्ट्रपति सांचेज की यात्रा से भारत–स्पेन के संस्कृति, पर्यटन और एआई के दोहरे वर्ष के चल रहे समारोहों को और गति मिलेगी। मंत्रालय ने कहा कि सेशल्स एक करीबी और दीर्घकालिक समुद्री साझेदार है और शिखर सम्मेलन में उसकी भागीदारी हमारे लोगों के लाभ के लिए एआई का उपयोग करने तथा साझेदारी को और मजबूत करने का अवसर प्रदान करती है। मंत्रालय ने कहा कि मॉरीशस के प्रधानमंत्री रामगुलाम की यात्रा से डिजिटल सहयोग को और मजबूती मिलेगी, जो भारत–मॉरीशस संबंधों का एक प्रमुख स्तंभ बना हुआ है। समिट में हिस्सा लेने के लिए स्लोवाकिया गणराज्य के राष्ट्रपति पीटर पेलेग्रिनी और नीदरलैंड के प्रधानमंत्री डिक शूफ भी नई दिल्ली पहुंच गए हैं। समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता।

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट' के तीसरे दिन एक अनुसंधान संगोष्ठी के उद्घाटन समारोह को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भारत वास्तविक दुनिया की समस्याओं के समाधान के लिए एआई पर दृढ़ता से ध्यान केंद्रित कर रहा है।

भारत एआई पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। हम उद्यमों की उत्पादकता में सुधार, स्वास्थ्य देखभाल, कृषि, जलवायु परिवर्तन जैसी वास्तविक दुनिया की समस्याओं के समाधान के लिए एआई के इस्तेमाल पर ध्यान केन्द्रित कर रहे हैं और यह एआई शिखर सम्मेलन इसके लिए एक उचित अवसर है।

श्री वैष्णव ने कहा कि एआई शिखर सम्मेलन विभिन्न तकनीकी मामलों पर विचार–विमर्श करने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है।

हम विभिन्न तकनीकी मामलों पर चर्चा कर रहे हैं। यहां मौजूद विशेषज्ञों से मेरा अनुरोध है कि एआई को सुरक्षित बनाने के लिए ठोस सुझाव दें। एआई एक महत्वपूर्ण उपकरण है, इसका उपयोग मनुष्यों के लाभ के लिए किया जाना चाहिए, न कि संतुलन बिगाड़ने में।

****

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद–यूपी बोर्ड की दसवीं और बारहवीं की परीक्षाएं आज से शुरू हो गयीं। प्रदेश के पचहत्तर जिलों के आठ हजार तैंतीस केन्द्रों पर ये परीक्षाएं हो रही हैं। नकल विहिन परीक्षा के लिए मॉनिटरिंग व सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गये हैं। परीक्षाओं में गड़बडी रोकने और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए उत्तर प्रदेश सार्वजनिक सुरक्षा अधिनियम दो हजार चौबीस लागू किया गया है। इसमें अनुचित साधनों में लिप्त पाये जाने पर कठोर कार्रवाई का प्रावधान है।

****

बसपा प्रमुख मायावती ने यूपी विधानसभा चुनाव पार्टी द्वारा अकेले लड़ने का ऐलान किया है। लखनऊ में उन्होंने आज कहा कि बसपा अकेले ही अपने बल पर चुनाव लड़ेगी और किसी भी पार्टी से गठबंधन नही करेगी। उन्होंने पार्टी समर्थकों और कार्यकर्ताओं से दो हजार सात की तरह ही अकेले चुनाव लड़कर पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने का आह्वान किया ।

****

श्रीराम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेन्द्र मिश्र ने आज अयोध्या में कहा कि श्रीराम मंदिर का निर्माण अंतिम चरण में पहुंच चुका है। साथ ही परिसर के समग्र विकास पर तेजी से काम चल रहा है। उन्होंने कहा कि अब मंदिर परिसर में बन रहे संग्राहलय की बीस अत्याधुनिक गैलरियों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सभी निर्माण कार्य छह से नौ माह में पूरे कर लिए जाएंगे।

****

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने आज लखनऊ में विशेष गहन पुनरीक्षण– एसआईआर से संबंधित एक महत्वपूर्ण प्रेस कॉन्फ्रेंस की उन्होंने कहा कि जिन लोगों को नोटिस जारी किया गया है, उस पर तीव्रगति से काम हो रहा है।

जैसा मैने पहले बताया कि एक करोड़ चार लाख ऐसे मतदाता हैं जिन्होंने पिछले एसआईआर वोटर लिस्ट से जो मिलान कराना था वो खाना बिलकुल खाली छोड़ दिया था। वो मैपिंग नही कराई थी। एक करोड़ चार लाख लोगों को नोटिस गया है। दो करोड़ बाइस लाख लोग ऐसे हैं जिन्होने मिलान तो करवाया था। उसमें कोई कार्य की विसंगति नही थी। संख्या अधिक की वजह से हो गया।

****

पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मैनपुरी में आज शाम हुई बारिश से लोगों ने हल्की ठंड का एहसास किया। मौसम विभाग ने आज प्रदेश भर में कहीं कहीं वर्षा और गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना जतायी है।

****